बाल सुरक्षा

आचार संहिता

St John

सेंट जॉन एंबुलेंस ऑस्ट्रेलिया (सेंट जॉन) बच्चों की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपनी सेवाओं, गतिविधियों और कार्यक्रमों का उपयोग करने वाले सभी बच्चों के लिए एक सुरक्षित परिवेश प्रदान करने के महत्व को पहचानते हैं।

हमारे सदस्यों को हमेशा बच्चों की गरिमा और आत्म-सम्मान का आदर करना चाहिए और उन्हें असुरक्षित महसूस होने पर इसके बारे में बताने के लिए सशक्त बनाना चाहिए। इसके उत्तर में सेंट जॉन का उद्देश्य एक ऐसी सँस्कृति को बढ़ावा देना है, जिसमें सदस्य स्वतंत्र रूप से बच्चों की सुरक्षा के बारे में चिंताएँ व्यक्त कर सकते हैं।

इस आचार संहिता का उद्देश्य बच्चों के साथ काम करते समय सदस्यों को उपयुक्त आचरण के लिए मार्गदर्शन देना है। इसका लक्ष्य सेंट जॉन की नीतियों और व्यावसायिक मानकों के लिए (जिस प्रकार से ये सदस्यों के लिए लागू होते हैं) एक संपूरक के रूप में मार्गदर्शन देना है।

स्वीकार्य व्यवहार

ये कार्य करें:

- इस आचार संहिता और सेंट जॉन की बाल सुरक्षा नीतियों तथा प्रक्रियाओं का सम्मान करें – इसकी एक प्रति उपयोग के लिए अपने साथ तैयार रखें, उदाहरण के लिए अपने व्यक्तिगत कंप्यूटर या उपकरण में
- अंतर की परवाह किए बिना सभी सदस्यों के अधिकारों, सम्मान, विविधता और मूल्य का आदर करें
- बच्चों के साथ काम करने में समानता के सिद्धाँतों को बनाए रखें (उदाहरण के लिए, यदि संभव हो तो समुचित रूप से समायोजन करें)
- बच्चों और उनके परिवारों के साथ सम्मान, निष्पक्षता, व्यावसायिकता और शिष्टाचार से व्यवहार करें
- बच्चों के विचार और चिंताएँ सुनें व उनका उत्तर दें, विशेषकर यदि वे प्रकट कर रहे हों कि उन्हें या किसी अन्य बच्चे को नुकसान पहुँचा है या नुकसान पहुँचने का खतरा है
- आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासियों, साँस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण व आप्रवासी पृष्ठभूमियों से आने वाले बच्चों तथा विकलाँगता-ग्रस्त बच्चों के साँस्कृतिक संरक्षण, प्रतिभाग और सशक्तीकरण को बढ़ावा दें
- अपने काम के दौरान बच्चों के लिए एक सुरक्षित परिवेश बनाएँ और इसे बनाए रखें
- एक सकारात्मक आदर्श के रूप में व्यवहार करें
- बच्चों की निजता और गोपनीयता का सम्मान करें और सेंट जॉन की गोपनीयता और सूचना संचालन नीतियों के अनुरूप व्यक्तिगत जानकारी के साथ व्यवहार करें
- बाल शोषण के संबंध में निजता और गोपनीयता से संबंधित सीमाओं को समझें। यदि आप मानते/मानती हैं या आपको संदेह है कि किसी बच्चे को नुकसान पहुँचाया जा रहा है, उसे नुकसान होने का खतरा है, अथवा कोई आरोप या खुलासा किया गया है, तो इसके बारे में रिपोर्ट की जानी चाहिए
- सहमत व्यवहार संहिताओं और आचरण संहिता के उल्लंघनों के लिए उपलब्ध प्रतिक्रियाओं सहित युवा सदस्य व्यवहार प्रबंधन नीति का पालन करें
- बाल सुरक्षा के बारे में सतर्क और सक्रिय रहें तथा सभी आरोपों, संदेहों या चिंताओं के बारे में तुरंत रिपोर्ट करें
- रिपोर्टिंग दायित्वों को समझें और इनका अनुपालन करें
- यह सुनिश्चित करें कि सभी संचार सुरक्षित, सम्मानजनक और सेंट जॉन की अच्छी छवि को बढ़ावा देने वाले हों
- समुचित सीमाएँ बनाए रखें और सामाजिक मीडिया के माध्यम से सभी आदान-प्रदानों में पेशेवर और समुचित स्वर सुनिश्चित करें, विशेषकर बच्चों के साथ*

* कुछ सदस्यों को अपनी भूमिकाओं में सोशल मीडिया पेजों का प्रबंध करना होता है और इस कार्य में उन्हें किसी अन्य सेंट जॉन इकाई के युवा सदस्य को 'friend' बनाने की आवश्यकता हो सकती है। इस मामले में संचार को सख्ती से सदस्यों की भूमिका के साथ संबंधित होना चाहिए। इस भूमिका से परे संपर्क प्रतिबंधित है। सदस्यों को कभी भी ऐसे आचरण में संलग्न नहीं होना चाहिए जो सेंट जॉन की सामाजिक मीडिया नीति की अवहेलना करे।

प्राथमिक चिकित्सा को सभी के जीवन का अंग बनाना

अस्वीकार्य व्यवहार

आपको ये कार्य **नहीं** करने चाहिए:

- बच्चे के साथ ऐसी किसी गतिविधि में संलग्न न हों, जिससे उसे नुकसान पहुँचने की संभावना हो - इसमें दुर्व्यवहार, उपेक्षा, शोषण, उत्पीड़न, भेदभाव या अत्याचार का निरूपण करने वाली गतिविधियाँ शामिल हैं
- किसी भी चिंता, संदेह अथवा बाल शोषण या नुकसान के खुलासे की उपेक्षा या अवहेलना न करें
- बच्चे के साथ कोई विशेष 'संबंध' विकसित न करें, या अन्य वयस्कों के ऐसे किसी व्यवहार को अनदेखा न करें जिसे पक्षपात, अति परिचित, अनुचित या 'तैयार करने' के रूप में देखा जा सकता है
- अनुचित समझे जाने वाले व्यवहार प्रदर्शित न करें या ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों - इसमें वयस्क प्रकृति की (जैसे, अपशब्द-युक्त या कामुक) भाषा का प्रयोग अथवा ऐसी प्रकृति के विषयों पर चर्चा करना शामिल है
- बच्चे के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क न करें, जिसमें ऐसे कार्य करना भी शामिल हैं जो बच्चे स्वयं कर सकते हैं (जैसे, शौचालय का प्रयोग) - इसमें बच्चे के आकलन या उपचार के लिए स्पर्श करने की आवश्यकता वाली चिकित्सीय सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अपवाद है
- बच्चे को अनुशासित या नियंत्रित करने के लिए भौतिक साधनों का प्रयोग न करें
- बच्चे के साथ अकेले होने की स्थिति में शामिल न हों, जिसमें परिवहन भी शामिल है**
- सेंट जॉन की सेवा, गतिविधि या कार्यक्रम में संलग्न किसी बच्चे को अपने घरों में न ले जाएँ**
- व्यक्तिगत या निजी संपर्क के माध्यमों से (जिसमें सामाजिक मीडिया, ईमेल, इंस्टेंट मैसेजिंग, चैट रूम, गेमिंग साइट, टेक्स्टिंग आदि शामिल हैं) सेंट जॉन के कार्यक्रमों या अपनी पदस्थिति के विवरण से परे अथवा निरीक्षण के बिना बच्चे के साथ सीधे संवाद न करें
- सेंट जॉन के कार्यक्रमों से परे बच्चे के साथ संपर्क न करें, जिसमें बच्चे के अनुरोध पर किसी निजी सामाजिक समारोह में हिस्सा लेना शामिल है
- बच्चों की उपस्थिति में सँस्कृति, नस्लवाद या लैंगिकता के बारे में व्यक्तिगत विचार प्रकट न करें
- सेंट जॉन के परिवेश में उपस्थित रहते समय कामुक या अंतरंग प्रकार का कोई व्यवहार न करें - इसमें सहमति की कानूनी आयु से अधिक आयु के सहमत सदस्यों के बीच इस प्रकार का व्यवहार करना भी शामिल है
- बच्चे के साथ यौन कृत्य न करें
- बच्चे से यह अनुरोध न करें कि वह किसी वयस्क के साथ अपने संवाद को माता-पिता/देखभालकर्ताओं से छिपाकर रखे
- बच्चे और माता-पिता/देखभालकर्ताओं की सहमति के बिना बच्चे की तस्वीर न खींचें या उसका वीडियो न बनाएँ
- सेंट जॉन की सेवाओं, गतिविधियों या कार्यक्रमों में संलग्न बच्चे की तस्वीरों या वीडियो को व्यक्तिगत उपयोग के लिए स्टोर न करें। सेंट जॉन की सेवाओं, गतिविधियों या कार्यक्रमों में संलग्न बच्चों की तस्वीरों और वीडियो का उपयोग सेंट जॉन के आधिकारिक प्रयोजनों के लिए ही किया जाना चाहिए
- सेंट जॉन के कार्यक्रमों से परे बच्चे को उपहार न दें, जब तक उपहार देने के लिए प्राधिकृत न किया गया हो
- किसी भी परिस्थिति में सेंट जॉन के परिवेश में या ऐसे किसी वातावरण में शराब और/या अन्य मादक-पदार्थों का सेवन या आपूर्ति न करें, जिसमें बच्चों की देखभाल करना आपका कर्तव्य है
- अपने सीधे नियंत्रण के तहत आने वाले किसी भी बच्चे के साथ अंतरंग संबंध न बनाएँ
- इस प्रकार से बच्चों के साथ ऑनलाइन संलग्न न हों, जिसे अपमानजनक या अनुचित माना जा सकता है - इसमें वयस्क प्रकृति की (जैसे, अपशब्द-युक्त या कामुक) भाषा अथवा विषयों का प्रयोग तथा 'तैयार करने' के रूप में देखे जाने वाले व्यवहार शामिल हैं
- बच्चों की उपस्थिति में अंतरंग, परिपक्व या वयस्क प्रकृति की सामग्री पर चर्चा न करें या ऐसी सामग्री न दिखाएँ, अथवा यौन-द्विअर्थी भाषा का प्रयोग न करें या बच्चों के साथ यौन-विचारोत्तेजक व्यवहार में शामिल न हों
- विकलाँगता, आयु, लिंग, नस्ल, सँस्कृति, आसानी से प्रभावित होने की क्षमता, लैंगिकता या जातीयता के आधार पर बच्चे के साथ प्रतिकूल व्यवहार या भेदभाव न करें

** यदि ऐसी कोई परिस्थिति पैदा होती है जिसमें इस तरह की गतिविधि आवश्यक हो, तो निवारक कार्यप्रथाओं का पालन किया जाना चाहिए। और अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय बाल सुरक्षा दिशा-निर्देश देखें।

बाल सुरक्षा आचार संहिता का उल्लंघन

सभी सदस्यों, ठेकेदारों और आगंतुकों के लिए इस आचार संहिता का पालन करना आवश्यक है। यह सभी परिस्थितियों में लागू होती है - जिनमें युवा गतिविधियाँ और आयोजन, दुर्घटना में उपचार या डिजिटल तकनीक का उपयोग शामिल है।

इस आचार संहिता का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। गंभीर उल्लंघनों के लिए सेंट जॉन के साथ आपकी संलग्नता समाप्त की जा सकती है। गंभीर उल्लंघनों की सूचना पुलिस को दी जा सकती है।

ऐसी विशेष परिस्थितियाँ हो सकती हैं जिनमें सदस्य को संहिता से परे कार्य करने की आवश्यकता पड़ सकती है, उदाहरण के लिए, आपातकाल के दौरान। सदस्यों को इस आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी भी कार्य के लिए हमेशा प्राधिकार प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। इस आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली किसी भी कार्यवाही(हियों) के बारे में आपको जल्दी से जल्दी सेंट जॉन को सूचित करना चाहिए।

चैंपियन

ऑस्ट्रेलियाई मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इस आचार संहिता के कार्यान्वयन और निगरानी का समर्थन करेंगे। सीईओ आचार संहिता को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सदस्यों को जानकारी और समर्थन भी प्रदान करेंगे। सभी वयस्क सदस्य इस आचार संहिता को सर्वोपरि रखेंगे।

यदि किसी बच्चे को तत्काल नुकसान होने का खतरा है, तो ट्रिपल शून्य (000) पर कॉल करें।

इस बाल सुरक्षा आचार संहिता को सेंट जॉन एंबुलेंस ऑस्ट्रेलिया इंक. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा 14 मई 2019 को स्वीकृत किया गया था। विधायी या अन्य परिवर्तनों के कारण इसमें संशोधन की आवश्यकता होने पर मई 2020 या इससे पहले आचार संहिता की समीक्षा की जाएगी।